4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



**गुस्ताखी माफ**

जिनको अपने देश से, रहता सदा मलाल।
अमरीका का वे सभी, जरा देख लें हाल।
जरा देख लें हाल, निगाहें जायेंगी खुल।
आठ लाख से अधिक, घरों की बिजली है गुल।
कह साहिल कविराय, जरा वे खींचें इनको।
रहता सदा मलाल, देश से अपने जिनको।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 16 | WEDNESDAY 28-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# मेयर चुनाव से पहले हाई अलर्ट मोड में सियासत, भाजपा ने पार्षदों को मोरनी रिजॉर्ट में किया शिफ्ट

## क्रॉस वोटिंग के डर से कड़ी निगरानी, हर गतिविधि पर रखी जा रही नजर

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। नगर निगम मेयर चुनाव से ठीक पहले चंडीगढ़ की सियासत पूरी तरह हाई अलर्ट मोड में आ गई है। मतदान से कुछ घंटे पहले ही राजनीतिक दलों में बेचैनी साफ दिखाई देने लगी है। पार्षदों के रुख बदलने और क्रॉस वोटिंग की आशंका ने सभी दलों की रणनीति को आक्रामक बना दिया है।सूत्रों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी पार्षदों को चंडीगढ़ से बाहर पंचकूला के मोरनी क्षेत्र स्थित एक रिजॉर्ट में ठहराया है। यहां उन्हें एकजुट रखकर लगातार बैठकों के जरिए चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पार्षदों को बाहरी संपर्क से दूर रखने के लिए मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी निगरानी रखी जा रही है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।



### AAP के खेमे में भी असंतोष

दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने अपने पार्षदों को पंजाब के गढ़शंकर में ठहराया हुआ है, लेकिन पार्टी की एकजुटता पर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार आप के दो से तीन पार्षद गढ़शंकर में मौजूद नहीं हैं और वे फिलहाल चंडीगढ़ में ही हैं। बताया जा रहा है कि प्रत्याशी घोषित न किए जाने से कुछ पार्षद नाराज चल रहे हैं। असंतुष्ट पार्षदों में रामचंद्र यादव, दमनप्रीत और एक अन्य पार्षद का नाम सामने आ रहा है। यह नाराजगी चुनाव से पहले पार्टी के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

### कांग्रेस की नजर हर चाल पर

कांग्रेस भी पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए है। पार्टी नेतृत्व लगातार अपने पार्षदों के संपर्क में है और हर संभावित समीकरण पर मंथन कर रहा है। कांग्रेस को उम्मीद है कि अंतिम क्षणों में परिस्थितियां उसके पक्ष में जा सकती हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के साथ संभावित तालमेल को लेकर भी अंदरखाने चर्चाएं जारी हैं।

### पूरी तरह खुला मुकाबला

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का मेयर चुनाव अब तक का सबसे अनिश्चित और दिलचस्प मुकाबला बन चुका है। किसी भी दल के पास फिलहाल स्पष्ट बहुमत का भरोसा नहीं है। ऐसे में पार्षदों की एकजुटता, गुप्त मतदान और अंतिम समय की रणनीति ही यह तय करेगी कि मेयर की कुर्सी पर कौन बैठेगा।

### 18 पार्षदों के बावजूद आशंकाएं बरकरार

हालांकि नगर निगम में भाजपा के पास 18 पार्षदों का समर्थन बताया जा रहा है, फिर भी पार्टी नेतृत्व पूरी तरह निश्चिंत नजर नहीं आ रहा। आशंका जताई जा रही है कि यदि अंतिम समय में एक-दो पार्षदों ने भी रुख बदला, तो चुनावी गणित पूरी तरह पलट सकता है। साथ ही यह डर भी बना हुआ है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आपसी तालमेल कर भाजपा के खिलाफ साझा मोर्चा बना सकती हैं।

## संभाला कमिश्नर का पदभार , डॉ. नीरू कत्याल ने जताई विकास के प्रति प्रतिबद्धता

लुधियाना, यूटर्न, 27 जनवरी। पंजाब की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. नीरू कत्याल को पंजाब सरकार की तरफ से लुधियाना नगर निगम कमिश्नर का जिम्मा सौंपा गया है। मंगलवार को डॉ. कत्याल ने औपचारिक रूप से निगम कमिश्नर का चार्ज संभाल लिया। इस दौरान उन्होंने मेयर इंद्रजीत कौर सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। डॉ. नीरू कत्याल के पास लुधियाना में लंबे समय का प्रशासनिक अनुभव है। उन्होंने नगर निगम से लेकर जिला प्रशासन तक कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। इससे पहले वह पुडा की सीए रह चुकी हैं। डॉ. कत्याल ने जोन डी में मेयर इंद्रजीत कौर और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर, जोनल कमिश्नरों और सीनियर अधिकारियों के साथ बैठक की और अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने बैठक में साफ कहा कि डेवलपमेंट से जुड़े कार्यों में देरी या गुणवत्ता में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



LOVING MEMORY



With profound grief & sorrow we inform you the demise of

**S. Surinder Pal Singh Khurana**

(S/o Late S. Attar Singh Khurana)
R/o 19/A Sarabha Nagar
He left for heavenly abode on 23 January 2026

**BHOG & ANTIM ARDAAS**
FOR THE PEACE OF DEPARTED SOUL
WILL BE HELD ON WEDNESDAY, 28 JAN, 2026
FROM 1:15 PM TO 2:30 PM
AT GURUDWARA SINGH SABHA, SARABHA NAGAR, LUDHIANA

In Grief:

| | |
|---|---|
| Amarjit Kaur | Wife |
| Harmanpreet Kaur & Tarandeep Singh | Daughters & Sons-in-Law |
| Gurpreet Kaur & Gurpreet Singh | Daughters & Sons-in-Law |
| Kanwarjit Singh | Brother |
| Inderjit Singh | Brother |
| Pirthipal Singh | Brother |
| Manjit Singh | Brother |
| Amarjit Kaur | Sister |
| Paramjit Kaur | Sister |

INDERJIT SINGH KHURANA FAMILY
SIDDHARTHA RESORT, Pakhowal Road, Ludhiana
M: 98764 37372 | 98768 00037

Uturn Time 28 Jan 2026_Layout 2 27-01-2026 23:59 Page 2








# गणतंत्र दिवस पर मंत्री ईटीओ द्वारा कोच, कारोबारी, डॉ, मिठाई कारोबारी सहित समाज सेवियों का सम्मान







लुधियाना, यूटर्न, 27 जनवरी। 77 वें गणतंत्र दिवस पर मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ द्वारा झंडा लहराया गया इस दौरना नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गुवाहाटी, असम में पिछले डेढ़ वर्ष से सेवाएं दे रहे कोच आनंद तिवारी , डॉ सुलभा जिंदल , समाजसेवी राजेश जैन बॉबी , शरमन स्वीट्स के बिपिन जैन , आर एन गुप्ता एंड कम्पनी के अविनाश गुप्ता को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।



समाज सेवा के क्षेत्र में राजेश जैन बॉबी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को ध्यान में रखते हुए यह अवार्ड प्रदान किया गया।

गौरतलब है की कोच आनंद तिवारी के समर्पण, अनुशासन और आधुनिक प्रशिक्षण पद्धति ने कई खिलाड़ियों के करियर को नई दिशा दी है।

कोच आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में उनके बैच के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया और कई खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया। उनकी कोचिंग शैली में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ फिटनेस और मानसिक मजबूती पर विशेष जोर दिया जाता है, जिससे खिलाड़ी बड़े मंच पर बेहतर प्रदर्शन कर पा रहे हैं।

आनंद तिवारी की उपलब्धियों में एक और बड़ी सफलता जुड़ी जब उन्हें प्रतिष्ठित ओरलियन्स मास्टर्स टूनार्मेंट में भारत की सीनियर पुरुष टीम का कोच नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति उनके अनुभव और क्षमता पर राष्ट्रीय खेल संस्थाओं के भरोसे को दशार्ती है।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि आनंद तिवारी जैसे कोच युवाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ देश के लिए भविष्य के चैंपियन तैयार कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर मिला यह सम्मान न केवल उनके लिए बल्कि पूरे खेल जगत के लिए गर्व का विषय है।

कोच आनंद तिवारी की यह उपलब्धि भारतीय खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

समारोह में विधायक अशोक पराशर पप्पी, मेयर इंद्रजीत कौर, डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन व पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मोबाइल पर नहीं सड़क पर नजर रखें: ट्रैफिक पुलिस पंचकूला ने छात्राओं को दिए सुरक्षित यातायात के मंत्र



पंचकूला, यूटर्न, 27 जनवरी। सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज सिटी ट्रैफिक पंचकूला द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-14 पंचकूला में एक विशेष ट्रैफिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों की महत्ता, सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवरस्पीडिंग से होने वाले नुकसान, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए ड्राइविंग न करने तथा पैदल यात्रियों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की जान की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह: युवा वर्ग समाज की सबसे बड़ी ताकत है। यदि युवा यातायात नियमों को अपनी आदत बना लें, तो सड़क दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से भारी कमी लाई जा सकती है। सड़क पर एक छोटी-सी लापरवाही पूरे परिवार की खुशियां छीन सकती है, इसलिए सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एसीपी ट्रैफिक ने आगे कहा कि ट्रैफिक पुलिस का उद्देश्य केवल नियमों का पालन करवाना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व मित्रों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

# इनकम टैक्स 2026 उम्मीदों की खास बातें: क्या FM सीतारमण बजट में टैक्सपेयर्स को देंगी नया बूस्ट?

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को संसद में यूनियन बजट 2026 पेश करेंगी। बजट से पहले देशभर के टैक्सपेयर्स की निगाहें एक बार फिर इनकम टैक्स पर टिकी हैं। पिछले साल यूनियन बजट 2025 में सरकार ने इनकम टैक्स में बड़ी राहत देकर खास तौर पर मिडिल क्लास को मजबूत सहारा दिया था। ऐसे में सवाल है कि क्या बजट 2026 में भी टैक्सपेयर्स को एक और बड़ा तोहफा मिलेगा।

बजट 2025 में सरकार ने नई टैक्स व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स में बड़ी राहत दी थी। सैलरी पाने वालों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन जोड़ने के बाद टैक्स-फ्री इनकम सीमा करीब 12.75 लाख रुपये तक पहुंच गई थी। साथ ही नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू करने की घोषणा भी की गई थी।

## सैलरी क्लास की प्रमुख उम्मीदें

सैलरी पाने वाले कर्मचारी स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं। फिलहाल नई टैक्स व्यवस्था में यह 75,000




रुपये है, जिसे पहले 50,000 से बढ़ाया गया था। इसके अलावा ळऊ्र (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) को सरल और तार्किक बनाने की भी मांग की जा रही है ताकि नकदी प्रवाह बेहतर हो सके।

## मौजूदा इनकम टैक्स स्लैब

पुराना टैक्स सिस्टम:
₹2.5 लाख तक : शून्य
₹2.5 से ₹5 लाख : 5%
₹5 से ₹10 लाख : 20%
₹10 लाख से ऊपर : 30%

## नया टैक्स सिस्टम:

₹3 लाख तक : शून्य
₹3-6 लाख : 5%
₹6-9 लाख : 10%
₹9-12 लाख : 15%
₹12-15 लाख : 20%
₹15 लाख से ऊपर : 30%

पुराने सिस्टम में धारा 80C, 80D, HRA जैसी कई कटौतियों का लाभ मिलता है, जबकि नए सिस्टम में स्लैब ज्यादा हैं लेकिन कटौतियां सीमित हैं, जिससे कई टैक्सपेयर्स पर बोझ कम होता है।

## बजट २०२६ से क्या उम्मीद?

विशेषज्ञों का मानना है कि बजट 2026 में इनकम टैक्स स्लैब में बड़े बदलाव की संभावना कम है क्योंकि सरकार पहले ही बड़ी राहत दे चुकी है। हालांकि स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने, ळऊ्र नियमों को सरल करने और अनुपालन प्रक्रिया आसान बनाने पर फोकस हो सकता है। कुल मिलाकर टैक्सपेयर्स को बजट 2026 से बड़ी कटौती की जगह सिस्टम को सरल और ज्यादा टैक्स-फ्रेंडली बनाने की उम्मीद है, जिससे मिडिल क्लास को स्थायी राहत मिल सके।

4th Year Anniversary
RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 16 | WEDNESDAY 28-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# पहाड़ों तक अब आधे घंटे का सफर, चंडीगढ़-शिमला हेलीकाप्टर सेवा शुरू

## सड़क की भीड़ और लंबा सफर हुआ इतिहास, पर्यटन को मिलेगा नया पंख

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। हिमाचल की राजधानी शिमला जाने वालों के लिए राहत भरी खबर है। चंडीगढ़ से शिमला के बीच अब सड़क की लंबी कतारों और घंटों की थकाऊ यात्रा से छुटकारा मिलने वाला है।

चंडीगढ़-शिमला हेलीकॉप्टर सेवा की नियमित बुकिंग मंगलवार 27 जनवरी से शुरू हो गई है, जिससे यह सफर अब महज 30 मिनट में पूरा किया जा सकेगा।अब तक सड़क मार्ग से शिमला पहुंचने में औसतन चार से पांच घंटे लगते थे, लेकिन हवाई मार्ग से यात्रियों को समय के साथ-साथ सुविधा भी मिलेगी। यह सेवा खासतौर पर वीकेंड यात्रियों, कारोबारी वर्ग और सरकारी अधिकारियों के लिए बेहद उपयोगी मानी जा रही है।



### सुबह उड़ान, आधे घंटे में शिमला

हेलीकाप्टर रोजाना निर्धारित दिनों में सुबह 9:15 बजे चंडीगढ़ एयरपोर्ट से उड़ान भरेगा और करीब 9:45 बजे शिमला के संजौली हेलिपैड पर लैंड करेगा। इस सेवा का प्रति यात्री किराया 3,169 रुपये तय किया गया है, जिसे कम समय में सुरक्षित यात्रा के लिहाज से किफायती माना जा रहा है।

### सप्ताह में तीन दिन उड़ान

फिलहाल यह सेवा शुक्रवार, शनिवार और सोमवार को उपलब्ध कराई जा रही है। सेवा संचालकों और चंडीगढ़ एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि यात्रियों की प्रतिक्रिया और मांग को देखते हुए भविष्य में उड़ानों की संख्या और दिनों में इजाफा किया जा सकता है।

### पर्यटन और आपात सेवाओं को मिलेगा लाभ

इस पहल का उद्देश्य केवल यात्रा को आसान बनाना ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देना भी है। माना जा रहा है कि इससे शिमला आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और सड़क यातायात पर दबाव भी कम होगा। इसके अलावा, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित आवागमन के लिए भी यह हेली सेवा बेहद कारगर साबित हो सकती है।चंडीगढ़ से शिमला की यह नई हवाई सुविधा आने वाले समय में पहाड़ी पर्यटन के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है।

### ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा

हेलीकाप्टर से शिमला जाने के इच्छुक यात्री www.booking.pawanhans.co.in वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया डिजिटल रखी गई है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

## ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट: पंजाब टीमों के ट्रायल 29 जनवरी को, खिलाड़ी तैयार करें दमखम

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी, बास्केटबॉल, शतरंज (पुरुष एवं महिला) तथा क्रिकेट (पुरुष) टूर्नामेंट का आयोजन 17 से 28 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजाब की टीमों का चयन 29 जनवरी 2026 को सुबह 11 बजे ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। खेल विभाग के अनुसार पुरुष एवं महिला हॉकी के ट्रायल सुरजीत हॉकी स्टेडियम, जालंधर में होंगे, जबकि बास्केटबॉल और शतरंज के ट्रायल गुरु नानक स्टेडियम, लुधियाना में आयोजित किए जाएंगे। वहीं पुरुष क्रिकेट टीम के ट्रायल पीसीए स्टेडियम, सेक्टर-63, एसएएस नगर (मोहाली) के प्रैक्टिस ग्राउंड में लिए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि ट्रायल्स में सुरक्षा सेवाओं, अर्धसैनिक बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनों, आरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एनएसजी सहित विभिन्न केंद्रीय व राज्य सरकारी विभागों के नियमित कर्मचारी, अपने विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (ठडउ) प्राप्त कर भाग ले सकते हैं।



RASAM KIRYA



With heavy heart we hereby inform you about sudden demise of our beloved

SMT. MADHU PRABHAKAR
(W/o Late Sh. Sunil Prabhakar)
on 20th January, 2026.

----------

Rasam Kirya for the peace of departed soul will be held on Wednesday, 28th January, 2026 from 1pm to 2pm at Shri Nav Durga Mandir (1st Floor Hall), Sarabha Nagar, Ludhiana.

----------

GRIEF STRICKEN

| | |
|---|---|
| Adv. Nishant & Karnika Prabhakar | Son & Daughter-in-Law |
| Ambika & Parul Sharma | Daughter & Son-in-Law |
| Saroj Vashisht W/o Late Dev Dutt Vashisht | Sister-in-Law & Brother-in-Law |
| Satish & Surinder Rattan | Sister-in-Law & Brother-in-Law |
| Neelam & Adv. Ravi Kant Sharma | Sister-in-Law & Brother-in-Law |
| Nishika & Aavya | Grand Children |

M: 98787-63131, 84270-03800, 79869-49798

# डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कोर्ट की आड़ में 2.98 करोड़ की साइबर ठगी, दो और आरोपी दबोचे

अजीत झा

पंचकूला, यूटर्न, 27 जनवरी। खुद को जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर रिटायर्ड कमांडर की पत्नी को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाने और फर्जी कोर्ट रूम के जरिए करीब 3 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के दो और सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान मथुरा (उत्तर प्रदेश) निवासी अजय और राम के रूप में हुई है, जो वारदात के बाद मोहाली में किराये के मकान में रह रहे थे।पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में इससे पहले 15 जनवरी को पुलिस पूर्वी दिल्ली से नितिन सिंघल को भी गिरफ्तार कर चुकी है।



## हाउस अरेस्ट का डर और बच्चों को नुकसान की धमकी

आरोपियों ने महिला की उम्र का फायदा उठाते हुए उसे डिजिटल हाउस अरेस्ट में होने का डर दिखाया। कहा गया कि पुलिस की गाड़ी उसके घर के बाहर खड़ी है और वह बिना अनुमति बाहर नहीं जा सकती। इस दौरान महिला से उसके सभी बैंक खातों की जानकारी हासिल कर ली गई और किसी को घटना बताने पर बच्चों की जान को खतरा होने की धमकी दी गई।

## पुलिस जांच और खुलासे

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि इस संबंध में 14 दिसंबर को साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने फर्जी समन और वारंट, नकली कोर्ट रूम, और पुलिस व जांच एजेंसियों के अधिकारी बनकर इस सुनियोजित साइबर ठगी को अंजाम दिया ।पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों, पैसों के लेन-देन और पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है।

## फोन कॉल से शुरू हुआ ठगी का जाल

पीड़िता, जो पंचकूला की रहने वाली हैं, ने पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर को उनके पास एक फोन कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एक टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी बताते हुए सेवाएं बंद होने की बात कही। इसके बाद कॉल को कथित सीनियर अधिकारी और फिर खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले व्यक्ति से जोड़ दिया गया।

आरोपियों ने महिला पर बैंकिंग चैनलों के माध्यम से करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया। विश्वास दिलाने के लिए उसे कुछ तस्वीरें भेजीं, जिनमें एक व्यक्ति को गिरफ्त में दिखाया गया था।

## फर्जी कोर्ट रूम में वीडियो कॉल पर पेशी

5 दिसंबर को आरोपियों ने वीडियो कॉल के जरिए महिला को एक नकली कोर्ट रूम में पेश किया, जहां फर्जी पुलिसकर्मी और एक नकली जज मौजूद था। तथाकथित जांच के नाम पर डराकर आरोपियों ने महिला से अलग-अलग खातों में कुल 2 करोड़ 98 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए ।बाद में जब आरोपियों ने और पैसों की मांग की, तब महिला को ठगी का अहसास हुआ और उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई।

# भारत-म्यांमार सीमा पर अदम्य साहस की मिसाल, मोहाली के मेजर अरशदीप सिंह गिल को मिला कीर्ति चक्र






मोहाली, यूटर्न, 27 जनवरी। पूर्वोत्तर की दुर्गम पहाड़ियों में उग्रवादियों के मंसूबों को नाकाम करने वाले मोहाली के जांबाज अधिकारी मेजर अरशदीप सिंह गिल को देश के दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता सम्मान 'कीर्ति चक्र' से नवाजा गया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित इस सम्मान के साथ मेजर गिल ने न केवल असम राइफल्स बल्कि पूरे पंजाब और मोहाली का मान बढ़ाया है।वर्तमान में असम राइफल्स की पहली बटालियन में तैनात मेजर गिल ने मई 2025 में भारत-म्यांमार सीमा पर एक अत्यंत संवेदनशील ऑपरेशन के दौरान असाधारण बहादुरी का परिचय दिया। वे सीमा क्षेत्र में बाड़ निर्माण में लगे श्रमिकों की सुरक्षा के लिए गठित विशेष गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे, जब ऊंचाई पर छिपे उग्रवादियों ने अचानक घात लगाकर भीषण फायरिंग शुरू कर दी।

## दुश्मन की घेराबंदी को पलट दिया

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए मेजर गिल ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला और तत्काल काउंटर-एम्बुश ऑपरेशन शुरू किया। घनी झाड़ियों और कठिन भू-भाग के बावजूद वे अपने दल के साथ आगे बढ़े और दुश्मन के ठिकाने पर सटीक हमला बोला। इस दौरान उन्होंने आरपीजी लॉन्चर से लैस एक उग्रवादी सहित कई सशस्त्र आतंकियों को निष्क्रिय कर दिया। उनकी निर्भीकता, रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम रहा कि इस पूरी मुठभेड़ में भारतीय दल का एक भी जवान हताहत नहीं हुआ, जबकि उग्रवादियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

## सीमित चयन, विशेष सम्मान

कीर्ति चक्र देश का दूसरा सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है, जो अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में प्रदर्शित अदम्य साहस के लिए दिया जाता है। इस वर्ष यह सम्मान केवल दो सैन्य कर्मियों को प्रदान किया गया है। मेजर अरशदीप सिंह गिल के साथ यह सम्मान पैरा (स्पेशल फोर्सेज) के नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा को भी मिला है।

## खेल से सेना तक, प्रेरणादायक सफर

मेजर गिल प्रथम पीढ़ी के सैन्य अधिकारी हैं। उन्होंने जून 2016 में भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से प्रशिक्षण पूरा कर आर्मर्ड कॉर्प्स में कमीशन प्राप्त किया था। वे चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और इससे पहले 2006 से 2010 के बीच राष्ट्रीय खेलों में पंजाब का प्रतिनिधित्व हॉकी में भी कर चुके हैं।

## मोहाली को गौरव

इस सम्मान ने मोहाली को राष्ट्रीय मानचित्र पर गौरवान्वित किया है। मेजर अरशदीप सिंह गिल की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत वीरता का प्रमाण है, बल्कि यह युवाओं के लिए देशसेवा और कर्तव्यनिष्ठा की एक प्रेरक मिसाल भी है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गणतंत्र दिवस पर गुरुग्राम में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

नवीन गोगना

गुरुग्राम, युटर्न, 27 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गणतंत्र दिवस पर गुरुग्राम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस विविधता में एकता की याद दिलाता है।

उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री के विकसित भारत के



संकल्प के साथ कदम से कदम मिलाकर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मेक इन इंडिया और स्वदेशी अभियान ने हमें आयातक से निर्यातक राष्ट्र की ओर अग्रसर किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में हरियाणा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज हरियाणा 3 लाख 53 हजार रुपए प्रति व्यक्ति आय के साथ देश के बड़े राज्यों में प्रथम स्थान पर है। विश्व की 500 फॉर्च्यून कंपनियों के 250 से अधिक कार्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित हैं। हरियाणा ओलंपिक व अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदक जीतने वाला राज्य है। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर हरियाणावासियों से राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

# निमार्णाधीन हाईवे से सरिया और पानी की फैक्ट्री में सेंध लगाने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## 2 अलग-अलग मामलो में डिटेक्टिव स्टॉफ व एवीटी टीम ने की कार्रवाई, चोरी का सामान व वारदात में प्रयोग बाइक बरामद कर चारों को जेल भेजा

पंचकूला, यूटर्न, 27 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए महज 24 घंटे के अंदर दो अलग-अलग मामलों में चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का सरिया, एयर कंडीशनर और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक सहित अन्य कीमती सामान बरामद किया है।

पहला मामला पिंजौर थाना क्षेत्र का है, जहाँ एवीटी इंचार्ज सुनील कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 25 जनवरी को मानकपुर नानकचंद गांव के पास निमार्णाधीन फ्लाई-ओवर से सरिया चोरी करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सूरजपुर गांव निवासी शमशेर सिंह उर्फ गोटा और रोहित कुमार के रूप




में हुई है। ये शातिर चोर मोटरसाइकिल का उपयोग कर निमार्णाधीन सड़कों से लोहे का सामान चोरी करते थे। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में सरिया और वारदात में प्रयोग बाइक बरामद कर ली है।

दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ के इंचार्ज मनदीप सिंह की टीम ने जून 2025 में रायपुर रानी थाने में दर्ज एक पुरानी चोरी की गुत्थी सुलझाई है। पुलिस ने मौली गांव निवासी रिषभ उर्फ सुदामा और भानू प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है।

इन आरोपियों ने मौली क्षेत्र में स्थित एक पानी की फैक्ट्री में सेंधमारी कर कीमती सामान उड़ाया था। पुलिस ने इनके कब्जे से एक एसी, 2 बड़े डीजल केन और अन्य सामग्री बरामद की है। आज चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III बुधवार, 28 जनवरी 2026



पेज 08 ब्लेसिंग लक्सुरिया में भव्य गणतंत्र दिवस ध्वजा...

# 24 साल की लड़ाई के बाद इंसाफः सड़क हादसे में 100% विकलांग हुए वकील को हाईकोर्ट से 9.16 करोड़ का मुआवजा

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। एक सड़क हादसे ने जिस युवा वकील का पूरा भविष्य छीन लिया, उसे आखिरकार 24 साल बाद न्याय मिला। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जालंधर निवासी अधिवक्ता नरिंदर पाल सिंह को 52 लाख रुपये के बजाय 9 करोड़ 16 लाख 81 हजार 844 रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने इसे केवल मुआवजा नहीं, बल्कि पीड़ित के सम्मान और गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार बताया।जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की एकलपीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दो दशकों से अधिक समय से शारीरिक और मानसिक पीड़ा झेल रहे व्यक्ति के लिए यह राशि कोई 'आंकड़ा' नहीं, बल्कि भविष्य के इलाज और जीवन यापन का सहारा है।




## गलत दिशा से आई कार ने पल भर में बदल दी जिंदगी

यह दर्दनाक हादसा 13 अक्टूबर 2002 को जालंधर में हुआ था, जब तेज रफ्तार कार गलत दिशा से आकर नरिंदर पाल सिंह के स्कूटर से टकरा गई। उस वक्त उनकी उम्र महज 26 वर्ष थी और वे एक होनहार वकील के रूप में करियर की शुरूआत कर रहे थे।हादसे में सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद वे 100 प्रतिशत स्थायी विकलांग हो गए। मेडिकल रिकॉर्ड के मुताबिक, वे आज भी दोनों कानों से पूरी तरह बहरे हैं और उनके मस्तिष्क की नसों को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

## लगातार पीड़ा और मानसिक संघर्ष

अदालत में पेश रिपोर्टों में बताया गया कि नरिंदर पाल सिंह को लगातार कानों में आवाज गूंजने, चक्कर, नींद न आने और गहरे अवसाद जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण वे न केवल पेशे से दूर हो गए, बल्कि सामाजिक जीवन भी लगभग ठहर सा गया।

## भारत में इलाज बेअसर, विदेश में इलाज जरूरी

हाईकोर्ट ने माना कि पीजीआई चंडीगढ़ सहित देश के कई बड़े अस्पतालों में इलाज के बावजूद कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। विशेषज्ञों की राय के अनुसार, जटिल न्यूरो-ब्रेन सर्जरी और कोक्लियर इम्प्लांट के लिए अमेरिका के मेयो क्लिनिक जैसे संस्थानों में उपचार आवश्यक है। इसी को देखते हुए अदालत ने विदेशी इलाज के लिए 6 करोड़ रुपये अलग से निर्धारित किए।

## मुआवजे का पूरा हिसाब

अदालत ने विभिन्न मदों में यह राशि तय की–

- आय के नुकसान के लिए : 1.14 करोड़ रुपये
- अब तक के चिकित्सा खर्च : 37.17 लाख रुपये
- शारीरिक दर्द व मानसिक पीड़ा : 30 लाख रुपये
- विवाह की संभावनाएं खत्म होने पर : 6 लाख रुपये
- 24 घंटे देखभाल के लिए दो अटेंडेंट्स : 1.22 करोड़ रुपये

## बीमा कंपनी को फटकार, 9% ब्याज का आदेश

हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि जनता से प्रीमियम के रूप में वसूला गया पैसा ऐसे ही पीड़ितों के लिए होता है। अदालत ने बढ़ी हुई मुआवजा राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के भी निर्देश दिए।फैसले के अंत में कोर्ट ने भावुक टिप्पणी करते हुए कहा कि यह आदेश केवल बीते दर्द की भरपाई नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि पीड़ित को भविष्य में इलाज और सम्मानजनक जीवन के लिए किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े।

# गणतंत्र दिवस पर पीजीआई का मरीज-केंद्रित रोडमैप, सारंगपुर तक अंडरग्राउंड टनल और विश्राम सदन की सौगात

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीजीआई चंडीगढ़ ने मरीजों और उनके परिजनों की सुविधाओं को लेकर दूरगामी घोषणाएं कीं। संस्थान के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने पीजीआई मुख्य परिसर और सारंगपुर के बीच अंडरग्राउंड टनल के प्रस्ताव तथा सारंगपुर में विश्राम सदन की स्थापना को पीजीआई की पेशेंट-फर्स्ट सोच का अहम हिस्सा बताया।



## पीजीआई-सारंगपुर के बीच बनेगी अंडरग्राउंड कनेक्टिविटी

समारोह के दौरान निदेशक ने जानकारी दी कि मुख्य परिसर और सारंगपुर कैंपस को जोड़ने के लिए अंडरग्राउंड टनल निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इसके निर्माण से मरीजों, तीमारदारों और स्वास्थ्य सेवाओं की आवाजाही आसान होगी और सड़क यातायात पर दबाव भी कम होगा।

# कनाडा में पंजाबी सिंगर के घर पर फायरिंग, इलाके में दहशत

नवीन गोगना

कनाडा, यूटर्न 27 जनवरी। कनाडा में पंजाबी सिंगर वीर दविंदर के घर के बाहर अज्ञात हमलावरों द्वारा फायरिंग करने के बाद इलाके में दहशत फैल गई। यह घटना उस समय हुई जब सिंगर अपने घर पर मौजूद थे, जिससे परिवार के सदस्यों और आस-



पास रहने वालों में डर का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, घर के बाहर से अचानक गोलियां चलाई गईं, जिससे इलाके में सदमे और घबराहट का माहौल बन गया। अच्छी बात यह है कि इस घटना में किसी के घायल होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

# गणतंत्र दिवस पर रामदरबार में कांग्रेस की भव्य तिरंगा यात्रा, सेक्टर-35 कांग्रेस भवन तक निकली रैली

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वार्ड नंबर-19, रामदरबार में कांग्रेस की ओर से एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व वार्ड नंबर-19 की ब्लॉक अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह ने अपने साथियों के साथ किया।तिरंगा यात्रा की शुरूआत मकान नंबर-1231, फेज-2, रामदरबार (ट्रांजिट गेट के समीप) से हुई, जो सेक्टर-31, 32, 33 और 34 से होते हुए कांग्रेस भवन, सेक्टर-35, चंडीगढ़ तक पहुंची।



# पंजाब में 21 सरकारी कॉलेजों को नए प्रिंसिपल मिले

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। राज्य में उच्च शिक्षा प्रणाली को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए पंजाब सरकार ने 21 सरकारी कॉलेजों में प्रिंसिपलों की तैनाती के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए आज यहां पंजाब के उच्च शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इन तैनातियों में 13 पदोन्नत वरिष्ठ लेक्चरार और आठ नव-नियुक्त प्रिंसिपल शामिल हैं, जो इन संस्थानों का मार्गदर्शन करेंगे।



शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज जारी आदेशों के अनुसार पदोन्नति के बाद विनीता राव को सरकारी कॉलेज, डेराबस्सी में; श्याम सुंदर को शहीद ऊधम सिंह सरकारी कॉलेज, सुनाम में; अमी भल्ला को संत बाबा सेवा सिंह मेमोरियल सरकारी कॉलेज (लड़कियां), गुरु का खूह, मुन्ने (नूरपुर बेदी) में; ममता को सरकारी कॉलेज रायकोट में; जगजीत कौर को सरकारी कॉलेज शाहकोट में; डॉ. नवदीप सिंह को सरकारी कॉलेज नयाल पातड़ां में; नंदिनी वैद को सरकारी कॉलेज माछीवाड़ा में; मंजू कपूर को सरकारी कॉलेज श्री मुक्तसर साहिब में; जसप्रीत कौर ग्रेवाल को सरकारी कॉलेज मंडी गोबिंदगढ़ में; पूजा कोहली को सरकारी कॉलेज कोटकपूरा में; अमनदीप भट्टी को श्री गुरु अर्जन देव सरकारी कॉलेज तरनतारन में; जस्मीत सेठी को सरकारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जालंधर में तथा सरिता को सरकारी कॉलेज मलेरकोटला में तैनात किया गया है।

# जीरकपुर में चौथी मंजिल से गिरकर युवक की मौत, विवाद के बाद फिसलने की आशंका

जीरकपुर, यूटर्न, 27 जनवरी। जीरकपुर के वीआईपी रोड स्थित मिल्टन टावर सोसाइटी में चौथी मंजिल से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक महिला मित्र से मिलने सोसाइटी में आया था। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 194 के तहत केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान संदीप उर्फ सनी निवासी मिल्टन टावर के रूप में हुई है। वह पेशे से रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाता था। जानकारी के अनुसार, संदीप अपने दोस्त गुरसेवक सिंह के साथ सोसाइटी में मौजूद था। दोनों की एक कॉमन महिला मित्र से मिलने की योजना थी। मुलाकात के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद बढ़ता देख संदीप वहां से निकलने की कोशिश करने लगा।

Happy Anniversary



Mukesh Jain
& Nishika Jain

# लुधियाना में पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का पर्यावरण संवाद, उद्योगों के साथ “Shaping a Greener Tomorrow” पर मंथन

## इंडस्ट्री और पर्यावरण में संतुलन बनेगा पंजाब इंडस्ट्री की ग्रोथ का आधार : मंत्री अरोड़ा







लुधियाना, यूटर्न, 27 जनवरी। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (PPCB) की ओर से आज लुधियाना में “Shaping a Greener Tomorrow” विषय पर औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष पर्यावरण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगों और सरकार के बीच सहयोग बढ़ाकर प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास को मजबूती देना रहा। मीटिंग में इंडस्ट्री ,पावर ,लोकल बॉडी एवं इंवाइटिंग इंवेटमेंट मंत्री संजीव अरोड़ा भी मुख्य रूप से उपस्थित हुए !

जबकि इंडस्ट्री और विभाग में बेहतर रिश्ता कायम करने के उद्देश्य से कार्यक्रम में रीना गुप्ता, चेयरपर्सन, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी और लुधियाना के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से आए उद्यमी भी शामिल हुए। संवाद के दौरान उद्योगिक विकास, वायु और जल प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ उत्पादन तकनीक और पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्योग प्रतिनिधियों को पर्यावरणीय नियमों के पालन, आधुनिक तकनीकों के उपयोग और हरित ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### चेयरपर्सन श्रीमती रीना गुप्ता ने कहा,

‘औद्योगिक प्रगति के साथ पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। सरकार और उद्योग मिलकर काम करें तो पंजाब को प्रदूषण मुक्त और टिकाऊ विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है।’ उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उद्योगों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के साथ-साथ नियमों के पालन में सहयोग करेगा ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने अपने चिर परचित अंदाज में इंडस्ट्री कारोबारियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान करने पर विचार विमर्श किया . उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए इंडस्ट्री के लिए बेहतरीन वातावरण कायम करने का आश्वासन है .अरोड़ा बोले वर्तमान समय में निवेश के दृष्टिकोण से पंजाब देश भर की इंडस्ट्री की पहली पसंद बन चूका है ! कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों ने भी प्रदूषण कम करने के लिए आधुनिक मशीनरी, जल पुनर्चक्रण और ऊर्जा दक्षता उपाय अपनाने पर सहमति जताई। यह संवाद लुधियाना जैसे औद्योगिक शहर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ग्रीन इंडस्ट्रियल सिस्टम को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Forum Shopping: एक ही मामले को बार-बार अलग-अलग कोर्ट में ले जाना क्यों गलत है?**

कई बार सुनने में आता है कि किसी व्यक्ति ने एक ही विवाद को अलग-अलग अदालतों या फोरम में दायर कर दिया। इस प्रक्रिया को कानूनी भाषा में Forum Shopping कहा जाता है। आम तौर पर इसका उद्देश्य न्याय पाना नहीं, बल्कि मनचाहा फैसला हासिल करना होता है।

Forum Shopping का सीधा अर्थ है—एक ही विवाद के लिए ऐसे मंच की तलाश करना, जहाँ से अपने पक्ष में आदेश मिलने की संभावना ज्यादा लगे। कभी District Court, कभी Consumer Forum, कभी किसी और राज्य की अदालत—बिना पूरी जानकारी दिए मामला अलग-अलग जगह ले जाया जाता है। कानून इसे स्वस्थ प्रक्रिया नहीं मानता।

अदालतें इस प्रवृत्ति को गंभीरता से देखती हैं, क्योंकि इससे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होता है। अगर एक व्यक्ति जानबूझकर तथ्य छिपाकर या पहले से लंबित मामले की जानकारी दिए बिना नया केस दायर करता है, तो अदालत न केवल मामला खारिज कर सकती है, बल्कि कड़ी टिप्पणी भी कर सकती है। इसका कारण साफ है—न्याय व्यवस्था को भ्रमित करना या उसका फायदा उठाना स्वीकार्य नहीं है।

Forum Shopping से न्याय में देरी भी होती है। इससे अदालतों का समय बर्बाद होता है और वास्तविक मामलों पर असर पड़ता है। इसी कारण कानून यह अपेक्षा करता है कि व्यक्ति सही मंच चुने और उसी मंच पर ईमानदारी से अपनी बात रखे। यह भी समझना जरूरी है कि सही Forum चुनना गलत नहीं है। लेकिन जानबूझकर कई जगह एक ही विवाद को घुमाना, या फैसला पसंद न आने पर नया मंच ढूँढना—यही Forum Shopping कहलाता है और यही समस्या है।

निष्कर्ष: Forum Shopping कानून की समझदारी नहीं, बल्कि प्रक्रिया का दुरुपयोग है। न्याय पाने का रास्ता सही मंच से होकर जाता है, न कि कई मंचों को आजमाने से। ईमानदारी और पारदर्शिता ही वह आधार है, जिस पर न्याय व्यवस्था टिकती है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### प्रेरणादायक पद्मश्री पुरस्कार विजेता इंदरजीत सिंह संधू

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित इंदरजीत सिंह संधू चंडीगढ़ के एक प्रतिष्ठित और प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। उनका जीवन परिश्रम, अनुशासन और समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में निरंतर मेहनत और समर्पण के बल पर न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि देश का नाम भी रोशन किया। इंदरजीत सिंह संधू का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ।बचपन से ही वे ईमानदारी, मेहनत और आत्मविश्वास में विश्वास रखते थे। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ अपने कौशल को निखारने पर विशेष ध्यान दिया। जीवन में अनेक चुनौतियाँ आईं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और हर कठिनाई को सीख में बदला। 88 साल के रिटायर्ड DIG सन 1996 से चंडीगढ के सेक्टर 49 की सड़कों में लगातार अपने हाथों से झाड़ू लगा रहे हैं। इतनी ज्यादा आयु होते हुए भी अपने शहर की साफ-सफाई के लिए उनका समर्पण ही उन्हें पद्मश्री पुरस्कार के पास ले गया। इसके अलावाअपने कार्यों के माध्यम से उन्होंने समाज और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी सेवाओं और उपलब्धियों को पहचान देते हुए भारतसरकार ने उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है, बल्कि उन मूल्यों का भी प्रतीक है जिन पर उन्होंने अपना जीवन आधारित किया। इंदरजीत सिंह संधू की जीवन यात्रा युवाओं को यह संदेश देती है कि सच्ची लगन, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच से कोई भी व्यक्ति ऊँचाइयों को छू सकता है। उनका जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है।

# श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज पहुंचे राजवंत क्लॉथ हाउस

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/27/जनवरी। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज नानकसर में कपड़े की दुकान राजवंत क्लैथ हाउस पर खास तौर पर पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल भी मौजूद थे। इस मौके पर क्लॉथ हाउस के मालिक हरविंदर सिंह सोनू सरना ने जत्थेदार कुलदीप सिंह गरगज्ज को खास तौर पर सम्मानित किया। इस मौके पर भाई ग्रेवाल ने जत्थेदार गरगज्ज से कहा कि यह परिवार मेरा अपना परिवार है और गुरु घर से जुड़ा हुआ परिवार है। इस मौके पर सिंह साहिब जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज ने परिवार के सदस्यों से बातचीत करते हुए कहा कि आप हमेशा मेहनत करें, नाम जपें और बांटें। उन्होंने कहा कि मेहनत करें, सच्ची और ईमानदारी की कमाई का जीवन जिएं।

Uturn Time 28 Jan 2026_Layout 2 27-01-2026 23:59 Page 7



# पुलिस टॉर्चर के खिलाफ 'रिपब्लिक डे' के मौके पर पुलिस स्टेशन के सामने 'रोस-प्रदर्शन'





जगरांव/यूटर्न/27/जनवरी। जब पूरे भारत में देशवासी ₹रिपब्लिक डे₹ मना रहे थे, वहीं पिछले दो दशकों से पुलिस कस्टडी में टॉर्चर के खिलाफ इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे और करीब चार साल से धरने पर बैठे पीड़ितों ने ₹रिपब्लिक डे₹ के मौके पर पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रेस को जारी बयान में पीड़ित दर्शन सिंह धालीवाल, इकबाल सिंह रसूलपुर और प्रदर्शन कर रहे संगठनों दशमेश किसान मजदूर यूनियन के अध्यक्ष गुरदयाल सिंह तलवंडी और जिला कोषाध्यक्ष अमरीक सिंह तलवंडी, कीर्ति किसान यूनियन के नेता सुखदेव सिंह चकर, ग्रामीण मजदूर सभा के अध्यक्ष निर्मल सिंह धालीवाल, जबरदस्ती विरोधी तालमेल कमेटी के अध्यक्ष गुरदेव सिंह मुल्लांपुर, मजदूर संघर्ष कमेटी के अध्यक्ष भरपूर सिंह छज्जावाल, गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी के अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ढोलन, पूर्व चेयरमैन मलकीत सिंह रूमी ने स्थानीय पुलिस स्टेशन के समक्ष ₹पंजाब सरकार मुदार्बादद₹ के नारे लगाने के बाद कहा कि 26 जनवरी को देश में ₹गणतंत्र दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है और इसी दिन डॉ. बीआर अंबेडकर साहिब द्वारा लिखा गया संविधान लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि हालांकि संविधान में देश में रहने वाले पिछड़े लोगों को न्याय दिलाने का पूरा प्रावधान है और सरकारी अधिकारी मंचों पर संविधान के अनुसार न्याय दिलाने का दावा करते नहीं थकते, लेकिन हकीकत यह है कि यहां पीड़ितों को सालों से विरोध प्रदर्शन करने के बाद भी न्याय नहीं मिल रहा है, बल्कि पीड़ितों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऐसे हालातों के कारणों के बारे में उन्होंने कहा कि संवैधानिक कानूनों को लागू करने वाले लोग यानी एग्जीक्यूटिव ईमानदार नहीं हैं, जिसके चलते आज देश में अराजकता का माहौल है और जगह-जगह लोगों के साथ बुरा बर्ताव हो रहा है।

नेताओं ने कहा कि जुल्म के खिलाफ इंसाफ के लिए यह मोर्चा 26 जनवरी की स्टेज वाली बाबूशाही के दिखावे को सामने ला रहा है। इस समय, शिकायत करने वाले इकबाल सिंह रसूलपुर ने बताया कि कथित पुलिस स्टेशन चीफ गुरिंदर बल ने गहरी साज़िश रचकर पीड़िता की माँ सुरिंदर कौर, उसकी गुजर चुकी बहन कुलवंत कौर और पीड़िता की भाभी मनप्रीत कौर को गैर-कानूनी हिरासत में रखकर जुल्म किया और अब पुलिस अधिकारी कुलवंत कौर की मौत के बाद दर्ज अधूरे केस को खारिज करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि पीड़िता मनप्रीत कौर को केस में ₹पीड़ित₹ के तौर पर शामिल नहीं किया गया। इस समय, पीड़िता सुरिंदर कौर, करमजीत कौर, सोहन सिंह सबादी, जत्थेदार जसवंत सिंह ढट्ट, डॉ. गुरमेल सिंह कुलार, गुरचरण सिंह तलवंडी, सूबेदार सिंह लीलन वगैरह मौजूद थे।

थाना मुखी का भरोसा-इस समय थाना मुखी इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह ने प्रदर्शन कर रहे किसान-मजदूर संगठनों के डेलीगेशन को भरोसा दिलाया कि जरूरी कानूनी कार्रवाई करते हुए, केस नंबर 274/21 में पीड़ित मनप्रीत कौर को ₹पीड़ित₹ के तौर पर शामिल करने के लिए वादी के केस का बदला हुआ बयान दर्ज किया जाएगा और पीड़ितों को जल्द ही इंसाफ दिलाया जाएगा।

## बर्फबारी से श्रीनगर एयर ट्रैफिक ठप, 58 उड़ानें रद्द; सैकड़ों पर्यटक फंसे



चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। कश्मीर घाटी में लगातार हो रही भारी बर्फबारी ने हवाई यातायात को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। मंगलवार को श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी गई, जिससे पर्यटकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के अनुसार, लगातार बर्फबारी के कारण रनवे पर बर्फ जम गई, जिससे विमानों का सुरक्षित संचालन संभव नहीं रहा। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूरे दिन के लिए उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मौसम साफ होने और रनवे को उपयोग के योग्य घोषित किए जाने के बाद ही उड़ानों को बहाल किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक कुल 58 उड़ानें रद्द की गई, जिनमें 29 आगमन और 29 प्रस्थान उड़ानें शामिल हैं। इसका असर कई एयरलाइंस पर पड़ा और श्रीनगर आने-जाने वाले यात्रियों की योजनाएं बिगड़ गई। प्रशासन ने यात्रियों को अपनी-अपनी एयरलाइंस से संपर्क कर अपडेट लेने और वैकल्पिक व्यवस्था करने की सलाह दी है।

उड़ानें रद्द होने से घाटी में सैकड़ों पर्यटक फंस गए हैं। इनमें बड़ी संख्या उन यात्रियों की है जो सप्ताहांत और गणतंत्र दिवस की छुट्टियां बिताने के बाद वापस लौट रहे थे। उधर, दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण कई उड़ानों में देरी और कुछ रद्द होने की सूचना है। एयरलाइंस ने लो विजिबिलिटी प्रोसीजर लागू किए हैं। वहीं चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर संचालन सामान्य रहा, हालांकि मौसम के कारण कुछ रूट्स पर मामूली देरी देखी गई।

## कालका में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पंचकूला पुलिस के जवान सम्मानित

कालका, यूटर्न, 27 जनवरी। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कालका में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर कालका की विधायक शक्ति रानी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की और पंचकूला पुलिस के उन जांबाज पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया है। समारोह के दौरान विधायक शक्ति रानी द्वारा पंचकूला पुलिस के पांच पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में सब इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह, प्रीतम सिंह, मुख्य सिपाही वासुदेव, सिपाही अनिल कुमार तथा सिपाही सागर शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने सभी पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही विधायक शक्ति रानी द्वारा एसीपी कालका आशीष कुमार को भी उनके कुशल नेतृत्व एवं बेहतर पुलिसिंग के लिए सम्मानित किया गया।



## हसरत वेलफेयर सोसाइटी ने कराया भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन, विधायक बग्गा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद



तरुण ग्रोवर

लुधियाना, यूटर्न, 26 जनवरी। हसरत वेलफेयर सोसाइटी की ओर से श्री खाटू श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन रविवार को राम दरबार मंदिर, गली नंबर-3, नवीन नगर, हैबोवाल कलां में सेविका सविता शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा श्याम जी के पूजन से हुई, जिसे पंडित मोहित त्रिपाठी एवं पंडित शिवम भारद्वाज ने विधि-विधान से संपन्न कराया। इसके उपरांत प्रसिद्ध गायक लालका लिखारी एवं श्याम दीवानी मोनिका ने अपने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंच संचालन सुरिंदर बावा ने किया। बाबा श्याम जी का भव्य श्रृंगार और सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मदन लाल बग्गा उपस्थित रहे। उनके साथ पार्षद गुरवीर गोलू, पार्षद रोहित सिक्का, राशि अग्रवाल, शीनू चुग, मनीषा कपूर, बिंदिया मदान, ज्योति चोपड़ा, कीर्ति ग्रोवर, निक्की रायत, ज्योति श्रीवास्तव, पूजा नरूला, हरकेश मित्तल, गोल्डी सभरवाल, अनिल पारती, पवन दीवान, अचिंत खन्ना, टोनी, डॉ. राजेश अरोड़ा, राज चोपड़ा, गौतम भाटिया, अजय बिंद्रा, गौरव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

Uturn Time 28 Jan 2026_Layout 2 27-01-2026 23:59 Page 8



# ब्लेसिंग लक्सुरिया में भव्य गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण समारोह आयोजित



लुधियाना, यूटर्न, 26 जनवरी। ब्लेसिंग लक्सुरिया (वेस्टर्न लिविंग प्रा. लि.) में भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रोजेक्ट साइट पर भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन देशभक्ति और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर (CMD) श्री हिमांशु क्वात्रा ने किया। इस अवसर पर कंपनी की नेतृत्व टीम, कर्मचारी, चैनल पार्टनर्स तथा श्रमिक वर्ग के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों की सहभागिता ने समारोह को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। श्री हिमांशु क्वात्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान के साथ सभी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री क्वात्रा ने कहा कि वास्तविक विकास केवल इमारतों से नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के उत्थान, नैतिक व्यापार और सामाजिक जिम्मेदारी से होता है। उन्होंने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए नागरिकों से अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन का आह्वान किया। साथ ही स्वच्छ, हरित और अनुशासित भारत के निर्माण के लिए पेड़ लगाने और आसपास को साफ रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन संवाद व जलपान के साथ हुआ। इस मौके पर आराधक क्वात्रा, गौरिश क्वात्रा, बाब्बू जी, दिनेश सोनू, सोनू सिंगला, ऋषु दुग्गल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पीपीसीबी चेयरपर्सन रेणु गुप्ता ने बहादुरके रोड स्थित 15 एमएलडी सीईटीपी का किया निरीक्षण, उद्योगों को दिए सख्त निर्देश





लुधियाना, यूटर्न, 27 जनवरी। पर्यावरण संरक्षण को लेकर पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (PPCB) ने अहम कदम उठाया है। मंगलवार को महानगर फेरी दौरान भारी बरसात के बीच पीपीसीबी चेयरपर्सन रेणु गुप्ता ने बहादुरके रोड स्थित 15 एमएलडी कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (CETP) का दौरा कर इसकी कार्यप्रणाली और क्षमता का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्रियल एफ्लुलेंट ट्रीटमेंट प्रणाली का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को निगरानी और अधिक सख्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सदस्य सचिव डॉ. लवनीत दुबे, मुख्य अभियंता आर.के. रात्रा, एसईई एस. कुलदीप सिंह, एक्सईएन जसपाल सिंह और एसडीओ गुरबिंदर सिंह भी मौजूद रहे। टीम ने प्लांट की ट्रीटमेंट प्रोसेस, ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम और डिस्चार्ज क्वालिटी की विस्तार से समीक्षा की। रेणु गुप्ता ने कहा कि लुधियाना जैसे औद्योगिक शहर में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने उद्योगों को निर्देश दिए कि बिना पूरी तरह शुद्ध किए गए पानी को किसी भी हालत में बाहर न छोड़ा जाए तथा आधुनिक तकनीक अपनाकर प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए। इस मौके पर डाईंग इंडस्ट्री से ललित जैन आदिनाथ डाइंग, सुभाष सैनी एकता डाइंग, अतुल मल्होत्रा ओसवाल फिनिशिंग मिल्स, उमेश शर्मा श्री गोपाल और राकेश गुप्ता श्री बालाजी फिनिशिंग मिल्स भी उपस्थित रहे। सभी ने पीपीसीबी के साथ मिलकर स्वच्छ और टिकाऊ औद्योगिक विकास के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया। यह निरीक्षण लुधियाना में जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## बहरीन पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप-2026 के लिए शबाना पूरी तरह तैयार - डीसी हिमांशु जैन



लुधियाना, यूटर्न, 27 जनवरी। खेलों को बढ़ावा देने और दिव्यांग खिलाड़ियों को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन लुधियाना लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, एनजीओ फिलन्थ्रॉपी क्लब की प्रधान लखविंदर कौर और प्रोजेक्ट अमोदनी (वर्सटाइल ग्रुप) की प्रतिनिधि गीतांजलि सेठ ने अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी शबाना को बहरीन पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप-2026 में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की। यह चैंपियनशिप 8 से 14 फरवरी तक आयोजित होगी।

इस सहायता में चैंपियनशिप फीस, वीजा शुल्क और यात्रा टिकट शामिल हैं। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी लुधियाना के सचिव नवनीत जोशी भी मौजूद रहे। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने शबाना की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि वह लगातार देश और पंजाब का नाम रोशन कर रही हैं और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने बताया कि यदि शबाना बहरीन चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करती हैं तो वे एशियन गेम्स-2026 के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। उन्होंने एनजीओ और सामाजिक संस्थाओं से भी अपील की कि वे ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की मदद के लिए आगे आएं। वहीं शबाना ने जिला प्रशासन और सहयोगी संस्थाओं का समर्थन के लिए आभार जताया और देश के लिए बेहतर प्रदर्शन का भरोसा दिलाया।

## श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रतीक पवित्र गंगा सागर की सेवा पर किताब विदेशों में भी सिखों तक पहुंचेगी-राय अजीज उल्लाह



जगरांव/यूटर्न/27/जनवरी। साहिब-ए-कमल दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार के साथ किला आनंदगढ़ साहिब से निकलकर, युद्धों से गुजरते हुए रायकोट और नवाब राय कल्ला जी की धरती पर गुरु साहिब जी की सेवा में हाज़िर होने और सरहिंद से छोटे साहिबजादों और माता गूजर कौर जी की शहादत की खबर नूरा माही जी के जरिए भेजने के बाद, गुरु साहिब जी राय कल्ला की सेवा से खुश होकर उन्हें भेंट की। पवित्र गंगा सागर को इस परिवार ने सदियों तक संभालकर रखा और इस इतिहास के बारे में रिसर्च और तथ्यों से भरी किताब 'पवित्र गंगा सागर दी सूची सेवा संबल' विदेशों में भी सिख संगत तक पहुंचाई जाएगी ताकि नई पीढ़ी गुरुजी के इतिहास से वाकिफ हो सके।

# गणतंत्र दिवस पर नगर निगम चंडीगढ़ का सम्मान समारोह, मेयर ने फहराया तिरंगा

चंडीगढ़, , यूटर्न, 27 जनवरी। भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम चंडीगढ़ की ओर से सेक्टर-17 स्थित एमसीसी भवन में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर आयुक्त अमित कुमार, आईएएस, विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, आईएएस, नगर निगम पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मेयर और आयुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), संस्थानों और सामाजिक योगदानकर्ताओं को उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

**विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र...**नगर निगम के इंजीनियरिंग, हॉर्टिकल्चर, इलेक्ट्रिकल, वेटरनरी, सैनिटेशन, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज, ट्रांसपोर्ट और फील्ड सर्विसेज विभागों से जुड़े नियमित, आउटसोर्स और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को समर्पण, निष्ठा और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वालों को भी सम्मान...**इसके अतिरिक्त सामाजिक कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कला, संस्कृति और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, छात्र, खिलाड़ी, पर्यावरणविद् और समाजसेवी भी सम्मानित किए गए।



**'शहर के विकास में योगदान प्रेरणादायक' - मेयर...**समारोह को संबोधित करते हुए मेयर हरप्रीत कौर बबला ने सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई देते हुए कहा कि उनका निस्वार्थ योगदान चंडीगढ़ के विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# भारत-यूरोपीय संघ FTA व्यापार समझौता : 27 देशों का एक गेटवे जो भारत की विकास गाथा को बदल सकता है

## 28 ट्रिलियन की ट्रीटी कर विश्व बाजार की सुर्खियों में छाया 45 ट्रिलियन इकोनॉमी वाला भारत

चंडीगढ़, यूटर्न, 22 जनवरी। जैसे-जैसे भारत और यूरोपीय संघ एक व्यापक व्यापार और निवेश समझौते की ओर बढ़ रहे हैं, नई दिल्ली की अर्थव्यवस्था के लिए इसके परिणाम धीरे-धीरे नहीं, बल्कि बड़े बदलाव लाने वाले दिख रहे हैं। लगभग $28 ट्रिलियन की संयुक्त आर्थिक ताकत वाले 27 देशों के ब्लॉक में, प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ समझौता व्यापक बाजार पहुंच, कम टैरिफ, गहरे औद्योगिक सहयोग और - सबसे महत्वपूर्ण बात - कुशल भारतीय पेशेवरों के लिए नए मोबिलिटी रास्ते का वादा करता है। भारत के लिए, समय इससे बेहतर नहीं हो सकता: वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं फिर से व्यवस्थित हो रही हैं, भू-राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं, और यूरोप सक्रिय रूप से भरोसेमंद भागीदारों की तलाश कर रहा है।



### भारतीय मैन्युफैचरिंग को मिलेगा समुन्द्र जैसा विशाल बाजार : गुरप्रीत सिंह



केपी ग्लोबल के चेयरमैन एवं गाम्सा एक्सपो के प्रिजिडेंट गुरप्रीत सिंह ने कहा की यूरोपीय संघ 27 देशों का समूह है, और यही बात इसे भारत के लिए एक बहुत बड़ा सौदा बनाती है। 28 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक ब्लॉक का सीधा अर्थ है की आगामी दिनों में हमें अपनी कपैसिटी 10 से 100 गुना करने का अवसर मिल सकता है। एक छोटा सा हिस्सा भी भारतीय निर्यातकों के लिए भारी लाभ में बदल जाता है।'

### केंद्र सरकार का इंडस्ट्री को बूस्टर डोज : थापर



निकट भविष्य में सबसे बड़े विजेताओं में से एक भारत का कपड़ा और परिधान क्षेत्र हो सकता है। सीआई आई एक्सपोर्ट्स के चेयरमैन एवं गंगा एक्रोवूल के एमडी अमित थापर का मानना है कि यह समझौता दबी हुई क्षमता को खोलेगा। थापर ने कहा, ₹एक बार जब ड्यूटी कम हो जाएगी और नियामक बाधाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा, तो कपड़ा और परिधान उद्योग को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। 'यूरोपीय खरीदार पहले से ही सोर्सिंग में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं, और भारत बड़े पैमाने, गुणवत्ता और अनुपालन के साथ कदम रखने के लिए अच्छी स्थिति में है।' सामानों से परे, थापर एक लंबे समय के फायदे की ओर इशारा करते हैं जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है : लोग। ₹इस बात की भी प्रबल संभावना है कि आने वाले वर्षों में अधिक भारतीय पेशेवरों को यूरोप में काम करने की अनुमति दी जाएगी। स्पेन ने पहले ही इस दिशा में दरवाजे खोल दिए हैं। यह एक विन-विन स्थिति है - यूरोप को कुशल जनशक्ति मिलती है, और भारत को प्रेषण, अनुभव और वैश्विक अनुभव से फायदा होता है। इस समझौते से यूरोपीय मशीनरी, प्रौद्योगिकी और खाद्य उत्पाद भारतीय उपभोक्ताओं और निमार्ताओं के लिए सस्ते होने की भी उम्मीद है। कम या खत्म सीमा शुल्क से भारतीय उद्योग के लिए इनपुट लागत कम होगी, जिससे उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा। उच्च-सटीक मशीन टूल्स से लेकर उन्नत खाद्य प्रसंस्करण उपकरणों तक, पूंजीगत वस्तुओं में यूरोप की ताकत भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं के साथ अच्छी तरह से मेल खा सकती है।

### *इंडस्ट्रियल और इंजीनियरिंग मशीनरी पर ड्यूटी घटेगी ; आहूजा*



*सीआईसीयू के प्रधान उपकार आहूजा ने कहा की ऑटोमोबाइल और भारी मशीनरी पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है। 'जर्मन और चेक कारें, इंडस्ट्रियल मशीनरी और इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स बहुत कम ड्यूटी पर आएंगे। अभी, कुछ कैटेगरी में ड्यूटी 110 परसेंट तक जाती है। इन टैरिफ को ठीक करने से भारतीय इंडस्ट्री और कंज्यूमर्स दोनों को फायदा होगा, साथ ही टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और जॉइंट वेंचर को भी बढ़ावा मिलेगा।'*

### FTA समझौता विकास को देगा गति : कपूर



पैरामाउंट के राकेश कपूर ने कहा की कुल मिलाकर, भारत-यूरोपीय संघ डील सिर्फ टैरिफ कम करने का काम नहीं है। यह एक संतुलित वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के एक केंद्रीय खिलाड़ी के रूप में उभरने का संकेत है - एक ऐसी अर्थव्यवस्था जहाँ व्यापार, टेक्नोलॉजी, टैलेंट और विश्वास एक साथ चलते हैं। अगर अच्छी तरह से बातचीत की जाए और निर्णायक रूप से लागू किया जाए, तो यह समझौता विकास को गति दे सकता है, नौकरियाँ पैदा कर सकता है, और दुनिया के सबसे प्रभावशाली बाजारों में से एक के साथ भारत के आर्थिक एकीकरण को गहरा कर सकता है। इंडिया इंक के लिए संदेश साफ है : यूरोप एक दरवाजा खोल रहा है, और यह अवसर इतना बड़ा है कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### भारत को बहुत फायदा होगा : साहनी



**रणनीतिक संदर्भ भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ट्रैक्टर और ऑटो पार्ट्स निमार्ता अर्शप्रीत साहनी का मानना है कि जियोपॉलिटिक्स भारत के पक्ष में माहौल बना रही है। उन्होंने कहा, 'चीन विरोधी भावना और रूस को लेकर लगातार बनी बेचैनी के कारण भारत को बहुत फायदा होगा।' 'यूरोपीय कंपनियाँ सक्रिय रूप से स्थिर, लोकतांत्रिक और भरोसेमंद पार्टनर की तलाश कर रही हैं। भारत इस शर्त को पूरा करता है।' उनके अनुसार, स्टील, मेटल और संबंधित सेक्टर में सहयोग, निवेश और लॉन्ग-टर्म सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट बढ़ सकते हैं। 'यह सिर्फ एक्सपोर्ट के बारे में नहीं है; यह भारतीय इंडस्ट्री को यूरोपीय वैल्यू चेन में शामिल करने के बारे में है।'**

# ऐसे भी मनाया जा सकता है जन्मदिन

- **मेडिकल ऑफिसर डॉ: गुरसिमरन ने अपने जन्मदिन पर जरूरतमंद स्टूडेंट्स को कोट और जूते बांटे**

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/27/जनवरी। समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली युवा संस्था लाइन क्लब जगराओं (यूथ) की प्रेरणा से आज एसबीएस लाहौर खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़के) में सिविल अस्पताल के डॉ. गुरसिमरन सिंह ने स्कूल के जरूरतमंद स्टूडेंट्स को कोट और जूते बांटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर संस्था के रीजनल चेयर पर्सन प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी, लाइन क्लब जगराओं यूथ प्रेसिडेंट राजिंदर जैन काका और विशेष मेहमान के तौर पर मौजूद डॉ. परमिंदर सिंह ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में आकर हम केक काटकर और होटलों और रेस्टोरेंट में पार्टियां करके अपना जन्मदिन मनाते हैं, लेकिन कुछ समझदार और पढ़े-लिखे लोग ऐसे मौकों पर समाज सेवा को प्राथमिकता देते हैं, जो एक अच्छी शुरूआत है। इससे कई गरीब परिवारों के बच्चों को इस कड़ाके की ठंड से राहत मिलेगी। परिवार और बच्चे उस व्यक्ति को दुआएं भी देंगे। उन्होंने समाजसेवियों से अपील की कि फालतू की शान-शौकत करने के बजाय अपने आसपास रहने वाले जरूरतमंदों की मदद करने से जहां भगवान खुश होते हैं, वहीं आपके मन को भी शांति मिलती है। इस मौके पर दविंदर जिंदल कैशियर, नवदीप गोयल ढफ्ढ, अमित मित्तल, हरचरण सिंह चन्ना, कैप्टन नरेश वर्मा, मोहित जैन, डॉ. सिंह आदि मौजूद थे।



## लोक सेवा सोसाइटी ने श्री गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव में निकाले गए नगर कीर्तन के दौरान लगाया लड्डुओं का लंगर



जगरांव/यूटर्न/27/जनवरी।सोसाइटी के चेयरमैन गुलशन अरोड़ा, प्रेसिडेंट मदन लाल अरोड़ा, सेक्रेटरी डॉ. कुलभूषण गुप्ता और कैशियर सुनील बजाज की लीडरशिप में लोकल रमेश मेडिकल हॉल में श्री गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव की खुशी में निकाले गए नगर कीर्तन के दौरान लड्डुओं का लंगर लगाया गया। इस मौके पर सोसाइटी के सभी मेंबरों ने नगर कीर्तन में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप के आगे माथा टेका और सभी को श्री गुरु रविदास महाराज जी के प्रकाशोत्सव की बधाई दी। इस अवसर पर सोसायटी के वाइस चेयरमैन सुखजिंदर सिंह ढिल्लों व कंवल कक्कड़, प्रोजेक्ट चेयरमैन मनोहर सिंह टक्कर, प्रोजेक्ट कैशियर राजीव गुप्ता, जगदीप सिंह आरके गोयल, कैप्टन नरेश वर्मा, पैट्रन राजिंदर जैन, कर भला हो भला सोसायटी के अध्यक्ष विशाल शर्मा, बिक्रम बंसल आदि मौजूद थे।

# संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ट्रैक्टर मार्च, डेराबस्सी में किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

लालड़ू, यूटर्न, 27 जनवरी। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर लिए गए निर्णय के तहत ब्लॉक डेराबस्सी में भारतीय किसान यूनियन (लखोवाल) की ओर से ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। यह ट्रैक्टर मार्च डप्पर टोल प्लाजा से शुरू होकर पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित गांव झारमड़ी तक निकाला गया। ट्रैक्टर मार्च के दौरान किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सुबह से ही आसपास के विभिन्न गांवों से



किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों पर सवार होकर डप्पर टोल प्लाजा पर पहुंचने लगे थे। बड़ी संख्या में किसानों की मौजूदगी से क्षेत्र में आंदोलन का माहौल देखने को मिला। किसान नेताओं ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में यह ट्रैक्टर मार्च आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। प्रमुख मांगों में बिजली संशोधन बिल-2025, बीज बिल, मजदूरों से संबंधित चार लेबर कोड बिलों को वापस लेने तथा मनरेगा कानून में की गई संशोधनों को रद्द करने की मांग शामिल है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (लखोवाल) के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनप्रीत सिंह अमलाला, कार्यकारी प्रधान रणजीत सिंह राणा, हरी सिंह बहोड़ा, जगतार सिंह झारमड़ी, नानू सिंह जनेतपुर, गुरपाल सिंह डप्पर, शेर सिंह डप्पर, दर्शन सिंह फतेहपुर, हरबंस सिंह धनौनी, बलजिंदर सिंह सेखपुरा, अवतार सिंह सरसीणी, केहर सिंह चडियाला, बेअंत सिंह बसौली, कुलविंदर सिंह खजूर मंडी, मोहन सिंह कसौली, सोनी कारकौर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# आधी रात स्टेशन परिसर में कार घुसी, ट्रैक तक पहुंचा वाहन

## प्लेटफॉर्म बंद होने से टली बड़ी दुर्घटना, आरपीएफ ने शुरू की जांच

**चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर मंगलवार तड़के सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली घटना सामने आई, जब हिमाचल प्रदेश नंबर की एक कार स्टेशन परिसर में घुसते हुए सीधे प्लेटफॉर्म नंबर-1 तक पहुंच गई।**

**यह कार प्लेटफॉर्म और रेलवे ट्रैक के बीच फंस गई, जिससे कुछ देर के लिए स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया।घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि प्लेटफॉर्म नंबर-1 इन दिनों मरम्मत और नवीनीकरण कार्य के चलते बंद है। यदि प्लेटफॉर्म चालू होता, तो बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।**



### ट्रेन छूटने की जल्दबाजी में हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार कार में दो युवक सवार थे—एक चालक और दूसरा यात्री। यात्री को सुबह 2:17 बजे रवाना होने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पकड़नी थी। ट्रेन का समय नजदीक होने के कारण दोनों जल्दबाजी में स्टेशन पहुंचे। इसी दौरान चालक ने उस रास्ते से कार मोड़ दी, जो आमतौर पर रेलवे लोडिंग-अनलोडिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है।अंधेरा और रास्ते की जानकारी न होने के कारण चालक को प्लेटफॉर्म का अंदाजा नहीं हुआ और कार अनियंत्रित होकर प्लेटफॉर्म और ट्रैक के बीच जा फंसी।

### आरपीएफ ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मौके पर पहुंचा। स्थानीय लोगों की मदद से कार को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला गया और स्टेशन परिसर से हटाया गया। शुरूआती तौर पर नशे की आशंका जताई गई थी, हालांकि जांच के बाद इसकी पुष्टि नहीं हुई। रेलवे पुलिस थाना प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि लापरवाही के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और यह जांच की जा रही है कि वाहन स्टेशन परिसर तक कैसे पहुंचा और सुरक्षा में चूक कहां हुई।

### सबसे व्यस्त प्लेटफॉर्म, खतरा बड़ा था

प्लेटफॉर्म नंबर-1 चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का सबसे व्यस्त प्लेटफॉर्म माना जाता है, जहां दिन-रात कई प्रमुख ट्रेनों का संचालन होता है। स्टेशन अधिकारियों के अनुसार यदि यह प्लेटफॉर्म चालू रहता, तो जान-माल के भारी नुकसान की संभावना थी।

**सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल...**इस घटना ने रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आम नागरिकों का कहना है कि यदि कोई वाहन इतनी आसानी से प्लेटफॉर्म तक पहुंच सकता है, तो भविष्य में कोई बड़ा खतरा भी टाला नहीं जा सकता। फिलहाल रेलवे प्रशासन पूरे मामले की समीक्षा कर रहा है और स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने की बात कही जा रही है।

# ऐसे पेश हुए तथ्य, मानो कोई वारदात हुई ही नहीं, मुरथल केस की जांच पर हाईकोर्ट में कोर्ट मित्र की कड़ी टिप्पणी

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। 2016 के जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान मुरथल के ढाबों पर कथित सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एक बार फिर जांच की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठे हैं। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति संजीव बेरी की खंडपीठ के समक्ष पेश हुए अमिकस क्यूरी और वरिष्ठ अधिवक्ता अनुपम गुप्ता ने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला।कोर्ट मित्र ने कहा कि अदालत में जो सामग्री रखी गई, उसे इस तरह से ह्लफिल्टरह्व किया गया कि पूरे घटनाक्रम पर ही संदेह पैदा हो जाए और ऐसा प्रतीत हो कि कोई अपराध हुआ ही नहीं। उन्होंने इसे जांच का निष्पक्ष तरीका मानने से इनकार किया।

### राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा था मामला

गुप्ता ने अदालत को याद दिलाया कि जाट आंदोलन के दौरान सामने आए ये आरोप केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं थे, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा एक राष्ट्रीय महत्व का सवाल बन चुके थे। इसी गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने उस समय स्वयं संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी।उन्होंने बताया कि प्रारंभिक दौर में उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी, लेकिन अब लगभग एक दशक बाद राज्य सरकार यह दलील दे रही है कि सीबीआई भी कोई नतीजा नहीं निकाल पाएगी।



### पीड़ित नहीं मिले, लेकिन सवाल कायम

कोर्ट मित्र ने यह भी स्वीकार किया कि आईपीएस अधिकारी ममता सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल ने जांच की, लेकिन न तो किसी पीड़ित की पहचान हो सकी और न ही किसी प्रत्यक्षदर्शी का पता चला। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि जांच की दिशा और निष्कर्ष नैतिक जिम्मेदारी से बचने जैसे प्रतीत होते हैं।

### केंद्रीय समिति की रिपोर्ट बनाम एसआईटी निष्कर्ष

अनुपम गुप्ता ने केंद्र सरकार द्वारा गठित, पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यह एक गंभीर और विस्तृत दस्तावेज है, जिस पर अदालत को गहराई से विचार करना चाहिए। उनके मुताबिक यह रिपोर्ट एसआईटी की रिपोर्ट से मेल नहीं खाती, जिससे जांच पर संदेह और गहराता है।

### हजार मामलों को रद्द करने की सिफारिश पर सवाल

गुप्ता ने आईपीएस अमिताभ सिंह ढिल्लों के नेतृत्व वाली एसआईटी की रिपोर्ट पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि रोहतक जिले से जुड़े करीब एक हजार मामलों में से अधिकांश को रद्द करने की सिफारिश अपने आप में कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि मामलों को वापस लेने पर हाईकोर्ट पहले ही रोक लगा चुका था और सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसलों में कानून की स्थिति स्पष्ट है।

### कोर्ट की चिंता, अगली सुनवाई 11 मार्च को

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने भी लंबित मामलों को लेकर असंतोष जताया और सवाल किया कि इतने वर्षों तक इन मामलों को लटकाए रखने का औचित्य क्या है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को तय करते हुए कार्यवाही स्थगित कर दी।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने नशों के विरुद्ध युद्ध के दूसरे चरण की समीक्षा की, बोले- नशे की रीढ़ पर होगा निर्णायक प्रहार



नवीन गोगना

चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'नशों के विरुद्ध युद्ध' अभियान के दूसरे चरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह चरण नशों की समस्या की जड़ और नेटवर्क पर सीधा और निर्णायक हमला करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार गांव स्तर पर जनभागीदारी को मजबूत कर इस मुहिम को अब तक के सबसे बड़े जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अभियान को और तेज करने के लिए अगले महीने विलेज डिफेंस कमेटियों (श्ळ२) की एक अहम राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेशभर के श्ळ सदस्य हिस्सा लेंगे और अपने-अपने गांवों को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेंगे। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा, 'नशा एक वैश्विक समस्या है, लेकिन पंजाब में इसके खिलाफ सबसे सशक्त लड़ाई शुरू की गई है। प्रदेश में ह्यगांवों के पहरेदारों' के रूप में 1.50 लाख सदस्यों वाली विलेज डिफेंस कमेटियां बनाई गई हैं, जो नशा तस्करी और सेवन के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर काम कर रही हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी श्ळ सदस्यों को शीघ्र पहचान पत्र जारी किए जाएं, ताकि उनके कार्य को वैध पहचान और सम्मान मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी अभियान की सफलता के लिए जनता की भागीदारी सबसे अहम होती है और यही भागीदारी इस मुहिम को लंबे समय तक मजबूत बनाए रखेगी। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि 'नशों के विरुद्ध युद्ध' अब सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जन आंदोलन बन चुका है। जनता के सहयोग से दूसरा चरण पहले से ज्यादा प्रभावी होगा और पंजाब नशा मुक्त प्रदेश बनने की दिशा में नई मिसाल कायम करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अमृतसर पुलिस ने सीमा पार नशा और हथियार तस्करी गिरोह का किया पदार्फाश: 1.5 किलो हेरोइन, ₹1.98 लाख, दो पिस्तौल और 34 कारतूस बरामद, चार रिश्तेदार गिरफ्तार



चंडीगढ़/अमृतसर, यूटर्न, 27 जनवरी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब में चल रही विशेष सुरक्षा मुहिम में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सीमा पार से संचालित नार्को-आर्म्स तस्करी मॉड्यूल के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर इस गिरोह का पदार्फाश किया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 1.5 किलो हेरोइन, ₹1.98 लाख की ड्रग मनी, दो आधुनिक पिस्तौल (9 एमएम और .30 बोर) तथा पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री के 34 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जसकिंदर सिंह उर्फ सिकंदर, हरपाल सिंह, गुरमुख सिंह और सुखदीप सिंह के रूप में हुई है, जो सभी गांव रणियां, जिला अमृतसर के निवासी हैं। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे और सोशल मीडिया के माध्यम से निर्देश पाकर पंजाब के विभिन्न हिस्सों में हेरोइन और हथियारों की सप्लाई कर रहे थे। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि सभी आरोपी एक ही परिवार से संबंधित हैं।

Uturn Time 28 Jan 2026_Layout 2 27-01-2026 23:59 Page 11



# सी एम मान ने तिरंगा फहराया, गैंगस्टर्स को दी बड़ी चेतावनी

नवीन गोगना

होशियारपुर, युटर्न, 27 जनवरी। 77वें गणतंत्र दिवस पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने होशियारपुर में तिरंगा फहराया। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर्स जुर्म की दुनिया से बाहर आ जाएं। उन्हें कड़ी चेतावनी दी जाती है, नहीं तो उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। उनकी मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर, मैं लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि पंजाब में एकता और भाईचारा बना रहेगा।



समारोह के दौरान उन्होंने कहा, आज, 77वें गणतंत्र दिवस पर, मैं सभी पंजाबियों और साथी नागरिकों को बधाई देता हूं। मैं उन हजारों देशभक्तों और बहादुर योद्धाओं को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने हमारे देश की आजादी के संघर्ष में अपनी जान कुर्बान कर दी। ₹मैं तीनों सेनाओं के बहादुर सैनिकों को सलाम करता हूं जो हमारे देश की एकता और अखंडता की रक्षा कर रहे हैं।₹उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ था। यह बहुत खास दिन है। आज के दिन मैं बाबा भीम राव अंबेडकर के संघर्ष को श्रद्धांजलि देता हूं। आजादी की लड़ाई में पंजाबियों ने सबसे बड़ी कुर्बानी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के बंटवारे के समय पंजाब को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। देश की तरक्की में पंजाबियों का अहम रोल रहा है। देश को भुखमरी से बचाने में पंजाबी सबसे आगे रहे हैं। देश के अनाज में पंजाब का 60 परसेंट हिस्सा है। पिछले साल पंजाब में भयानक बाढ़ आई थी। अगर कोई दूसरा राज्य होता तो इस मुसीबत से उबरने में कई साल लग जाते। हालांकि, पंजाबियों में एक-दूसरे का साथ देने की हिम्मत है।

# लॉन्गोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया




डेराबस्सी, यूटर्न, 27 जनवरी। लॉन्गोवाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, डेराबस्सी में 26 जनवरी 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के वाइस चेयरमैन डॉ. कपिल कात्याल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में एलपीपीसी की प्रिंसिपल डॉ. रोजी कात्याल भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसने देश के लिए बलिदान और राष्ट्रीय गौरव की भावना को दशार्या।

# डेराबस्सी में ऐतिहासिक ढंग से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस, नए बस स्टैंड पर फहराया गया 100 फीट ऊंचा तिरंगा

डेराबस्सी, युटर्न, 27 जनवरी। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस इस वर्ष ऐतिहासिक और भव्य रूप में मनाया गया। शहर के नए निमार्णाधीन मॉडर्न बस स्टैंड परिसर में आयोजित समारोह के दौरान डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने 100 फीट ऊंचे विशाल तिरंगे को फहराया। इस अवसर पर शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। समारोह में बड़ी संख्या में शहरवासी, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक नेता और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





तिरंगा फहराते ही पूरा परिसर 'वंदे मातरमस और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। 2030 फीट के इस भव्य राष्ट्रीय ध्वज को डेराबस्सी की शान और विकास की नई पहचान बताया गया। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने सभी देशवासियों और क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।




# पंजाब सरकार संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है: रोडवेज यूनियन

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/27/जनवरी। पंजाब रोडवेज पनबस/पी.आर.टी.सी. कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगरांव डिपो सहित राज्य के सभी डिपो पर गेट रैलियां की गई। यूनियन नेताओं ने पंजाब सरकार पर आरोप लगाया कि वह संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और हक मांगने के अधिकार को छीन रही है।

## 12 फरवरी को 'चक्का जाम' का एलान




## तानाशाही रवैया और फर्जी मुकदमे

राज्य संयुक्त सचिव जलौर सिंह गिल और डिपो अध्यक्ष सोहन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि देश गणतंत्र दिवस मना रहा है, लेकिन पंजाब में शांतिपूर्ण संघर्ष करने वाले कर्मचारियों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है और धारा 307 जैसे गंभीर फर्जी मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेलों में बंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खुद को आम जनता की सरकार बताने वाली आप सरकार तानाशाही पर उतारू है और लोगों की आवाज दबाकर उन्हें गुलामी का अहसास करवा रही है।

## निजीकरण और ठेकेदारी प्रथा की लूट

यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार ने ठेकेदारी प्रथा खत्म करने का वादा किया था, लेकिन इसके विपरीत पिछले 4 वर्षों में तीन ठेकेदार बदले जा चुके हैं जिन्होंने कर्मचारियों की करोड़ों रुपये की लूट की है। इसके अलावा, विभाग में 'किलोमीटर स्कीम' की बसें डालकर सरकारी ट्रांसपोर्ट को खत्म करने और प्राइवेट माफिया को फायदा पहुँचाने की कोशिश की जा रही है।

**आर्थिक संकट और चक्का जाम की चेतावनी:** डिपो सचिव हरमिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि विभाग के पास फ्री सफर सुविधा की 1100-1200 करोड़ रुपये की राशि बकाया है, जिसके कारण बसों के स्पेयर पार्ट्स और कर्मचारियों के वेतन के लिए हर महीने संघर्ष करना पड़ता है।

**यूनियन ने कड़ी चेतावनी देते हुए घोषणा की है कि:** 9 फरवरी को सभी डिपो पर गेट रैलियां की जाएंगी। 12 फरवरी को जेल में बंद साथियों की रिहाई और मांगों के हल के लिए पूरे पंजाब में ट्रांसपोर्ट का 'पूर्ण चक्का जाम' किया जाएगा। यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पंजाब सरकार और प्रबंधन की होगी।

Uturn Time 28 Jan 2026_Layout 2 27-01-2026 23:59 Page 12



# चंडीगढ़ में स्मार्ट पार्किंग की नई शुरूआत, 'MC वन पास' लॉन्च

## ₹500 में कार और ₹250 में दोपहिया का मासिक पार्किंग पास




चंडीगढ़, यूटर्न, 27 जनवरी। चंडीगढ़ को स्मार्ट और नागरिक-सुलभ शहर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए नगर निगम चंडीगढ़ ने बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से 'MC वन पास' स्मार्ट पार्किंग सिस्टम की शुरूआत कर दी है। सेक्टर-22 स्थित एमसी पार्किंग साइट पर इस डिजिटल पहल का शुभारंभ मेयर हरप्रीत कौर बबला ने किया। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि 'MC वन पास' योजना शहरवासियों के लिए नगर निगम की ओर से एक उपहार है, जिसका उद्देश्य पार्किंग व्यवस्था को सरल, पारदर्शी, किफायती और पूरी तरह डिजिटल बनाना है। इस योजना के तहत अब नागरिकों को दोपहिया वाहनों के लिए मात्र ₹250 और चारपहिया वाहनों के लिए ₹500 में मासिक पार्किंग पास उपलब्ध होगा।

### कैशलेस और डिजिटल होगी पूरी पार्किंग व्यवस्था

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने बताया कि यह प्रणाली पूरी तरह कैशलेस और डिजिटल है, जिससे मैन्युअल हस्तक्षेप कम होगा और पार्किंग प्रबंधन अधिक पारदर्शी बनेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में पीले नंबर प्लेट वाले व्यावसायिक चारपहिया वाहन भी शामिल किए गए हैं, जिससे यह पहल और अधिक समावेशी बनती है।

### पूरे शहर में मान्य होगा MC वन पास

एमसी वन पास नगर निगम द्वारा संचालित सभी प्रमुख पार्किंग स्थलों पर मान्य होगा। इनमें एलांते मॉल के सामने स्थित सरफेस पार्किंग, सेक्टर-17, सेक्टर-22, सेक्टर-35 की पार्किंग, सुखना लेक पार्किंग, सेक्टर-17 की मल्टीलेवल पार्किंग सहित अन्य चिन्हित पार्किंग स्थल शामिल हैं। सभी पार्किंग स्थलों की सूची नगर निगम चंडीगढ़ और बैंक ऑफ बड़ौदा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### घर बैठे बनेगा पास, दफ्तर जाने की जरूरत नहीं

आयुक्त ने बताया कि नागरिकों को पार्किंग पास बनवाने के लिए किसी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। पास को क्यूआर कोड स्कैन कर आसानी से ऑनलाइन जनरेट किया जा सकता है। यह क्यूआर कोड नगर निगम और बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाइट, पार्किंग स्थलों और समाचार पत्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

### चरणबद्ध तरीके से और पार्किंग स्थलों तक विस्तार

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस पास सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से अन्य पार्किंग स्थलों पर भी लागू किया जाएगा, ताकि पूरे शहर में एक समान और परेशानी-मुक्त पार्किंग अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।

### कई गणमान्य रहे मौजूद

लॉन्च कार्यक्रम में एमसी के विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, आईएएस, संयुक्त आयुक्त डॉ. इंदरजीत, क्षेत्रीय पार्षद दमनप्रीत सिंह, अन्य पार्षद, सेक्टर-22 डी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष परवीन दुग्गल, चंडीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा, बैंक ऑफ बड़ौदा के डिप्टी जनरल मैनेजर राजेश कुमार शर्मा, व्यापारी प्रतिनिधि और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और प्रेरक वक्ता भगवान दास गुप्ता सम्मानित



पटियाला, यूटर्न, 27 जनवरी। भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि, शिक्षा, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने पटियाला के सामाजिक कार्यकर्ता और प्रेरक वक्ता, अर्धकानूनी स्वयंसेवक और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पटियाला के संरक्षक भगवान दास गुप्ता को सामाजिक सेवा के लिए जिला प्रमाण पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया। पिछले 45 वर्षों से संगीत, पर्यावरण और सामाजिक सेवा में सक्रिय प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता भगवान दास गुप्ता ने शिक्षा और जन कल्याण के क्षेत्र में नए उदाहरण स्थापित किए हैं, जैसे पटियाला जिले के सरकारी स्कूलों में कूलर वाटर प्यूरीफायर (आरओ) लगवाना, झुग्गीवासियों के अपशिष्ट जल का उचित उपयोग करने के लिए वृक्षारोपण करना, स्वच्छ जल, राशन, बुजुर्गों की देखभाल, दवाइयों की व्यवस्था करना, स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों को शिक्षा के दायरे में लाना और किशोरियों को सैनिटरी पैड वितरित करना। आजकल जिला विधि सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालंटियर के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों, विद्यालयों-कॉलेजों, आटो टैक्सी यूनियनों में जागरूकता सेमिनार आयोजित कर रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस पर पंजाब में भव्य आयोजन, मान सरकार के जनहितैषी फैसलों से जनता को कराया गया अवगत

चंडीगढ़, यूटर्न, 26 जनवरी। पंजाब में 76वां गणतंत्र दिवस पूरे सम्मान, शानो-शौकत और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्य भर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। पंजाब विधानसभा के स्पीकर, डिप्टी स्पीकर तथा मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के मंत्रिमंडल के कैबिनेट मंत्रियों ने विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड का निरीक्षण किया और परेड से सलामी ली। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जिला वासियों को संबोधित करते हुए नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक और जनहितैषी फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार शहीद भगत सिंह और संविधान निर्माता बाबा साहिब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलते हुए पारदर्शी शासन और जनकल्याण के लिए





निरंतर कार्य कर रही है। अपने संबोधन में बताया गया कि पंजाब देश का पहला राज्य है जिसने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर प्रत्येक नागरिक को 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच दिया है। इसके साथ ही मुफ्त बिजली, महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा, नशों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई, गैंगस्टरों पर सख्त कार्रवाई और शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार सरकार की प्रमुख उपलब्धियां हैं।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372